UNNAO POLICE

प्रेसनोट, दिनांक 26.03.2026

थाना अचलगंज,जनपद उन्नाव

मिशन शक्ति अभियान के तहत थाना अचलगंज पुलिस द्वारा तत्परता से गुमशुदा बालक को सकुशल बरामद किया गया

संक्षिप्त विवरण – आज दिनांक 26.03.2026 को पीआरवी 6106 थाना अचलगंज को प्रातः लगभग 08:00 बजे प्रार्थी श्याम कुमार पुत्र स्व० रामनाथ नि० ग्राम ईश्वरीखेड़ा थाना अचलगंज जनपद उन्नाव द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि उसका 13 वर्षीय पुत्र दिनांक 25.03.2026 को सायं लगभग 17:00 बजे से घर से कहीं चला गया है और वापस नहीं आया है। उक्त सूचना पर पीआरवी कर्मियों द्वारा तत्काल प्रभारी निरीक्षक थाना अचलगंज को अवगत कराया गया, जिसके उपरांत थाना अचलगंज पुलिस द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए गुमशुदा बालक की तलाश प्रारंभ की गई। पुलिस टीम द्वारा प्रभावी प्रयासों के फलस्वरूप लगभग 02 घंटे के भीतर आज दिनांक 26.03.2026 को प्रातः लगभग 09:30 बजे बाबाखेड़ा मोड़ के पास से बालक को सकुशल बरामद कर लिया गया। पूछताछ में बालक द्वारा बताया गया कि परीक्षा खराब होने के कारण वह भयवश घर से चला गया था। तत्पश्चात बरामद बालक को उसके परिजन को सुपुर्द कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

प्रेसनोट, दिनांक 26.03.2026

थाना दही,जनपद उन्नाव

फ्रॉड कर निकाली गई 20,000/- रु0 की संपूर्ण धनराशि कराई गई रिफण्ड

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक उन्नाव के कुशल निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी एंव क्षेत्राधिकारी नगर के कुशल पर्यवेक्षण में साइबर अपराध एंव अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम मे आवेदक ललित कुमार पुत्र जगदीश निवासी म0नं0 103 कल्याणी देवी मार्ग थाना दही जनपद उन्नाव से फ्राड की गयी 20000 /- रूपये की धनराशि आवेदक को रिफण्ड करायी गयी।

संक्षिप्त विवरण – थाना दही जपनद उन्नाव में आवेदक ललित कुमार पुत्र जगदीश निवासी म0नं0 103 कल्याणी देवी मार्ग थाना दही जनपद उन्नाव द्वारा आनलाइन साइबर पोर्टल पर प्रार्थना पत्र बावत उसके खाते से 20,000/- रुपये का फ्राड होने विषयक दिया गया था। जिस पर थाना दही साइबर टीम उन्नाव द्वारा आवश्यक कार्यवाही करते हुये आज दिनांक 26.03.2026 को आवेदक की फ्राड की गयी धनराशि 20,000/- रूपये आवेदक को रिफण्ड करायी गयी।

कार्यवाही करने वाली टीमः-

1. प्रभारी निरीक्षक ज्ञागेन्द्र सिंह थाना दही, जनपद उन्नाव।
2. उ0नि0 राजेन्द्र सिंह थाना दही सदर उन्नाव।
3. आरक्षी शैलेश कुमार थाना दही जनपद-उन्नाव।